**दिनांक–28.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में संरचना प्रमंडलों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार**

**संरचना प्रमंडल सं0–1**

1. **बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, मीठापुर, पटना**

- भवन की साफ–सफाई– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि तृतीय तल तक की साफ–सफाई की जा चुकी है। निदेश दिया गया कि साफ–सफाई कार्य पूर्ण करने का समय–सीमा संवेदक से प्राप्त कर सूचित किया जाय।
- आंतरिक कार्यों में सुधार– सचिव, भवन निर्माण विभाग के द्वारा की गई निरीक्षण के दौरान आंतरिक कार्यों में सुधार हेतु कतिपय निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में पृच्छा के उत्तर में कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि अभी तक निदेशों का अनुपालन नहीं हुआ है। यह अत्यंत ही गंभीर स्थिति है। निदेशित किया गया कि सचिव द्वारा दिए गए निदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय अन्यथा जिम्मेदारी निर्धारित कर कारवाई की जाएगी।
- मुख्य द्वार– कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि आज शाम तक भवन के मुख्य द्वार का लौह संरचना खड़ा कर लिया जाएगा। उसके बाद द्वार के सीधे वाले भाग पर GRC कार्य अगले एक सप्ताह में तथा शेष भाग का कार्य 20 अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा।
- सड़क– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि आंतरिक सड़क का निर्माण अगले 02 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। निदेश दिया गया कि आंतरिक सड़क तथा मुख्य द्वार से बाहरी मुख्य सड़क तक निर्माण कार्य तथा शेष बचे हुए चहारदीवारी का निर्माण कार्य अगले 02 दिन में निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाए।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता, संरचना**

2. **माननीय न्यायाधीश आवास, गर्दनीबाग, पटना**

- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 19 बंगलों के संरचना का निर्माण, 17 बंगलों में ईट कार्य, 15 में बाहरी प्लास्टर तथा 13 बंगलों में अंदर का प्लास्टर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निदेश दिया गया कि 15 अगस्त 2026 तक सभी 19 बंगलों में ईट जोड़ाई कार्य तथा प्लास्टर का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही इसी अवधि में शौचालयों में वाटर प्रूफिंग कार्य भी पूर्ण किया जाय।
- निदेश दिया गया कि 01 बंगले (मॉकअप) में सभी तरह के आंतरिक कार्य 15 अगस्त 2026 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता, संरचना**

3. **वरीय पदाधिकारी आवास, गर्दनीबाग, पटना**

- कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई कि क्या गर्दनीबाग में निर्मित सभी आवासीय भवन, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग को हस्तानांतरित कर दिया गया है? कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मा0 मंत्री आवास के पश्चिम निर्मित तृतीय वर्ग कर्मचारी आवास हस्तगत करा दिया गया है। वरीय पदाधिकारी आवास में सी–टाईप आवास का हस्तानांतरण नहीं हुआ है। निदेश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग के साथ स्थल निरीक्षण कर चिन्हित कमियों को ठीक कराकर हस्तानांतरण की कारवाई यथाशीघ्र की जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–1 एवं भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग।**

**संरचना प्रमंडल सं0–3**

1. **कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सबौर**

कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि 55 प्रतिशत कार्य हो चुका है। शेष निर्माण कार्य प्रगति में है। निर्माण कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं है। संवेदक को 06 माह विलंब से निर्माण स्थल उपलब्ध कराया जा सका था, इसलिए निर्माण कार्य पूर्ण करने में 06 माह विलंब संभावित है। दिसम्बर, 2026 तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

निदेश दिया गया कि कार्य की गति को बढ़ाकर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित की जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–3 / अधीक्षण अभियंता, संरचना।**

2. **राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथिगृह का निर्माण कार्य**

कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि अतिथिगृह का निर्माण अगले 02 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। डॉरमेट्री का निर्माण इसी सप्ताह पूर्ण कर हस्तगत करा दिया जाएगा। उनके द्वारा बताया गया कि संवेदक को निर्माण स्थल 06 माह विलम्ब से उपलब्ध कराया गया था, इसलिए कार्य समय से पीछे चल रहा है। वर्तमान में कोई समस्या नहीं है। निर्माण कार्य का TPQA (IIT, Patna) द्वारा गुणवत्ता जांच किया जा रहा है।

निदेश दिया गया कि कार्य योजना के अनुसार कार्य की प्रगति सुनिश्चित की जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–3 / अधीक्षण अभियंता, संरचना।**

3. **संयुक्त कार्यालय भवन गार्डिनर रोड, पटना**

निदेश दिया गया कि ईट कार्य तथा बाहरी प्लास्टर का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय। साथ ही चहारदीवारी का भी निर्माण प्रारंभ किया जाय।

मुख्य वास्तुविद् द्वारा बताया गया कि वैकल्पिक पथ के निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग से वार्ता किया जाना है। निदेश दिया गया कि इस संबंध में एक प्रस्तुतीकरण तैयार किया जाय, जिसे मुख्य सचिव महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर वैकल्पिक मार्ग का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–3 / अधीक्षण अभियंता, संरचना।**

4. **विधान सभा डिजीटल संग्रहालय, पटना**

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदर्श अधिष्ठापन हेतु परामर्शी का चयन दिनांक–06.08.2026 को किया जाना है। परामर्शी चयन के उपरांत कार्य में तेजी आएगी। निदेशित किया गया कि निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु समय–सीमा निर्धारित की जाय तथा इसके अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–3 / अधीक्षण अभियंता, संरचना।**

5. **जीविका भवन, पटना**

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थल पर अवस्थित पुराने भवनों को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। भवन के FAR में बढ़ोतरी की स्वीकृति हेतु ग्रामीण विकास विभाग को मंत्रीपरिषद के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करना है। इस आशय का अनुरोध विभाग के स्तर से किया जा चुका है। मंत्रीपरिषद के स्वीकृति के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–3**

**संरचना प्रमंडल सं0–2**

1. **माननीय उच्च न्यायालय पटना परिसर में ए.डी.आर., आई.टी, ऑडिटोरियम, पार्किंग, प्रशासिनक एवं आवासीय भवन का निर्माण**

कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि पर्यावरण मंजूरी के लिए आवेदन किया गया है। शेष सभी मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा बैरिकेडिंग प्लान अनुमोदित कर दिया गया है। तदनुरूप बैरिकेडिंग कार्य प्रारंभ कर दी गई है।

निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र पर्यावरण मंजूरी प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–2**

2. **डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम साईंस सिटी, पटना**

प्रदर्शों के अधिष्ठापन कार्य की प्रगति के संबंध में की गई पृच्छा के आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि द्वितीय चरण के 12 प्रदर्शों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, परंतु अधिष्ठापन कार्य नहीं हुआ है। उनके द्वारा बताया गया कि कई प्रदर्शों का निर्माण संवेदक द्वारा बिना अनुमोदन प्राप्त किये किया जा रहा है। यह चिन्ताजनक है। निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र एन.सी.एस.एम. के साथ बैठक निर्धारित की जाय।

परिसर के साफ–सफाई एवं रख–रखाव हेतु प्राक्कलन 31.07.2026 तक तैयार कर प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–2**

3. **तारामंडल–सह–ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय, दरभंगा में प्रदर्श अधिष्ठापन कार्य**

कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। आज संवेदक के साथ एकरारनामा कर लिया जाएगा। निदेश दिया गया कि शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाय।

**अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना–2**

**बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।**

(प्रणव कुमार) 31/7/26
सचिव

ज्ञापांक– 2143(P) ______ दिनांक– 05/08/26

**प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।**

05/8/2026

**मुख्य अभियंता, पटना।**